पंजाब केसरी 12/04/2023

# जी.एम.एन. कालेज में ग्राफिक डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन



प्रतियोगिता का अवलोकन करते कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त व अन्य। (चंद्रमोहन)

अम्बाला छावनी, 11 अप्रैल (कोचर): कैंट के गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के मास कम्युनिकेशन विभाग द्वारा ग्राफिक डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन प्रो. सोनम साहू की देखरेख में आरंभ किया गया।

कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने सभी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया और उन्हें इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डा. सीमा कंसल ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और भविष्य में वह आगे भी इसी तरह की प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार आक्षी बी.ए. प्रथम वर्ष, द्वितीय पुरस्कार आशी बी.ए प्रथम वर्ष और तृतीय पुरस्कार भूमि बी.ए प्रथम वर्ष को दिया गया। कार्यक्रम में डा. सीमा कंसल, प्रो. सोनम साहू, डा. चंद्रपाल पुनिया, प्रो. पारुल और डा. शिवानी धवन उपस्थित रहे।